समाचार

नोवल कोरोना वायरस

# महापौर ने आधा दर्जन बस्तियों में खुद पहुंचकर किया राशन सामग्री का वितरण

(सोशल डिस्टेंसिंग मेनटेन करते हुए बस्ती के निवासियों से उनकी समस्याओं पर की चर्चा, निराकरण के संबंध में अधिकारियों को दिए निर्देश)



कोरबा 04 अप्रैल 2020 –महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने टी.पी.नगर जोन के लगभग आधा दर्जन बस्तियों में आज खुद पहुंचकर ऐसे हितग्राही परिवारों को जिनके पास राशन कार्ड उपलब्ध नहीं है, राहत सामग्री भी उपलब्ध नहीं है तथा राशन के लिए पैसे भी नहीं है, उन्हें राशन किट का वितरण किया, उन्होने बस्तीवासियों को आश्वस्त किया कि वे किसी प्रकार की चिंता न करें, हम उनके हर सुख–दुख में साथ हैं, इस दौरान उन्होने लोगों की अन्य समस्याओं की भी जानकारी ली तथा निराकरण के संबंध में आवश्यक निर्देश अधिकारियों को दिए।

नोवल कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव एवं नियंत्रण हेतु सम्पूर्ण देश में लाकडाउन किया गया है, लाकडाउन के दौरान आमनागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी न हों, इस दिशा में निगम द्वारा पूरी निष्ठा के साथ कार्य किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में ऐसे गरीब परिवार जिनके पास राशन कार्ड उपलब्ध नहीं है, राशन भी नहीं है तथा राशन लेने के लिए पैसे नहीं है, उन्हें राशन सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है। आज महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने टी.पी.नगर जोनांतर्गत गेरवाघाट, तुलसीनगर, अटलआवास पम्प हाउस, मैगजीनभांठा व झोपड़ीपारा आदि बस्तियों में खुद पहुंचकर इन जरूरतमंद लोगों को राशन किटों का वितरण किया। इस अवसर पर पूर्व पार्षद रामगोपाल यादव, एस.मूर्ति, राजाराम रजक, जितेन्द्र डिक्सेना, हाफिज सिद्दीकी, कौसिन खान आदि के साथ अन्य लोग उपस्थित थे।

**आज 2582 को बना हुआ भोजन, 1628 लोगों को राशन किट का वितरण** – लाकडाउन के दौरान कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति भूखा न रहें, उन्हें पर्याप्त खाद्य सामग्री अथवा बना हुआ भोजन उपलब्ध हो, इस दिशा में नगर निगम, स्वयंसेवी संस्थाओं के माध्यम से सहयोग हेतु पूरी मुस्तैदी के साथ डटा हुआ है, स्वयंसेवी संस्थाएं इस कार्य में बढ़–चढ़कर सहयोग कर रही हैं। इस कड़ी में आज 2582 व्यक्तियों को बना हुआ भोजन

उपलब्ध कराया गया, वहीं 1628 व्यक्तियों को निःशुल्क राशन किट वितरित किए गए। भोजन उपलब्ध कराने में अग्रवाल समाज कोरबा, रोटरी क्लब, लायंस क्लब, गायत्री प्रज्ञापीठ, जैन समाज, छत्तीसगढ़ हेल्प वेलफेयर सोसायटी, आर्ट आफ लिविंग, संकल्प महिला मण्डल, नारी शक्ति समिति, बंगाली कल्चरल एसोसिएशन काली मंदिर बालको, एक्ट आफ ह्यूमिनिटी, अनंत इमेजिन वेलफेयर सोसायटी कोरबा ने अपनी सराहनीय भूमिका निभाई।

**87 हजार मास्क, 837 लीटर सेनेटाईजर वितरित**— नोवल कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव व नियंत्रण की दिशा में प्रभावी कार्यवाही करते हुए नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा अभी तक 87000 मास्क एवं 837 लीटर सेनेटाईजर का वितरण कराया जा चुका है, वहीं शहर सेनेटाईजेशन के कार्य के साथ—साथ साफ—सफाई कार्य, कीटनाशक दवाओं का छिड़काव, फागिंग मशीन के संचालन संबंधी कार्य भी नियमित रूप से कराए जा रहे हैं। आज इसी कड़ी में वार्ड क्र. 05, 06, 07, 13 के साथ—साथ जिला अस्पताल, बैंक, शासकीय कार्यालय, रसियन हास्टल स्थित कोरन्टाईन सेंटर व अन्य स्थानों का सेनेटाईजेशन किया गया एवं विभिन्न वार्डो में कीटनाशक दवाओं का छिड़काव, फागिंग मशीन का संचालन कराया गया। स्वच्छ भारत मिशन के नोडल अधिकारी डॉ.संजय तिवारी ने बताया कि सार्वजनिक व औद्योगिक प्रतिष्ठान एस.ई.सी.एल. एन.टी.पी.सी., सी.एस.ई.बी. तथा बालको द्वारा भी अपने—अपने क्षेत्रों व निर्धारित वार्डो में सेनेटाईजेशन का कार्य तेजी के साथ कराया जा रहा है तथा साफ—सफाई की बेहतर व्यवस्था, कीटनाशक दवाओं का छिडकाव आदि के कार्य भी विशेष रूप से कराए जा रहे हैं।